<u>राज्य सभा</u>

अतारांकित प्रश्न संख्या 954

25 जुलाई, 2018 को उत्तर के लिए

सेल के संयुक्त उद्यमों/सहायक कंपनियों में निवेश

954. श्री संजय सिंह:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सेल के 29 संयुक्त उद्यमों/सहायक कंपनियों में से केवल छह लाभ कमा रहे हैं;

(ख) यदि हाँ, तो इस तथ्य को देखते हुए कि निवेश के रूप में सार्वजनिक धन को बर्बाद किया गया और कर्मचारियों को उनका पेंशन, छुट्टी के बदले नकद भुगतान और वेतन संशोधन रोककर दंडित किया जा रहा है, तत्संबंधी खराब निर्णय लेने के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई और क्या कदम उठाए गए हैं;

(ग) यदि हाँ, तो वर्ष 2015 से शेष 23 इकाइयों के हानि के हिस्से का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) 31 मार्च, 2018 तक आधुनिकीकरण और विस्तार हेतु किए गए कुल निवेश में से इन 29 संयुक्त उद्यमों/सहायक कंपनियों में कुल कितना निवेश किया गया?

<u>उत्तर</u>

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री विष्णु देव साय)**

(क): जी नहीं। दिनांक 31.03.2018 को समाप्त वित्तीय वर्ष के वार्षिक लेखों के आधार पर स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के 29 संयुक्त उद्यमों/सहायक कंपनियों में से 7 लाभ कमा रहे हैं।

(ख): सेल ने 4 संयुक्त उद्यम कंपनियों और 3 सहायक कंपनियों को बंद करने का पूर्व में निर्णय लेने के अतिरिक्त जून, 2017 में विस्तृत समीक्षा करने के उपरांत 12 हानि अर्जित करने वाले संयुक्त उद्यमों/सहायक कंपनियों को बंद करने का निर्णय लिया है।

(ग): वर्ष 2015 से शेष 22 इकाइयों द्वारा अर्जित हानि का वर्ष-वार ब्यौरा **अनुलग्नक** में दिया गया है।

(घ): दिनांक 31.03.2018 की स्थितिनुसार, सेल द्वारा इन 29 संयुक्त उद्यमों/सहायक कंपनियों में 1434.72 करोड़ रुपये निवेश किया गया है। सेल के आधुनिकीकरण और विस्तार के खर्च में संयुक्त उद्यमों/सहायक/सहयोगी कंपनियों में किया गया कोई निवेश सम्मिलित नहीं है।

*****

अनुलग्नक

(राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 954 दिनांक 25.07.2018)

सेल के संयुक्त उद्‌यमों/सहायक/सहयोगी कंपनियों के हानियों का ब्यौरा

(करोड़ रुपये में)

<table>
<tr><th rowspan="2">क्र.सं.</th><th rowspan="2">प्रकार</th><th rowspan="2">संयुक्त उद्‌यम/सहायक/सहयोगी</th><th colspan="3">सकल लाभ (+)/हानि (-)</th></tr>
<tr><th>2017-18</th><th>2016-17</th><th>2015-16</th></tr>
<tr><td>1.</td><td>जेवी</td><td>सेल मॉयल फैरो अलॉय प्राइवेट लिमिटेड</td><td>-0.91</td><td>-0.37</td><td>-0.42</td></tr>
<tr><td>2.</td><td>जेवी</td><td>सेल एससीआई शिपिंग प्राइवेट लिमिटेड</td><td>0.00</td><td>0.00</td><td>0.00</td></tr>
<tr><td>3.</td><td>जेवी</td><td>सेल एससीएल केरल लिमिटेड</td><td>-16.20</td><td>-12.46</td><td>-14.15</td></tr>
<tr><td>4.</td><td>जेवी</td><td>सेल कोबे आयरन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड</td><td>0.00</td><td>0.00</td><td>0.00</td></tr>
<tr><td>5.</td><td>जेवी</td><td>एस एंड टी माइनिंग कॉ. प्राइवेट लिमिटेड</td><td>-5.53</td><td>-2.63</td><td>-4.16</td></tr>
<tr><td>6.</td><td>जेवी</td><td>सेल राइट्स बंगाल वेगन इंडस्ट्री प्राइवेट लिमिटेड</td><td>-4.14</td><td>-12.97</td><td>-5.48</td></tr>
<tr><td>7.</td><td>जेवी</td><td>सेल बंगाल अलॉय कास्टिंग प्राइवेट लिमिटेड</td><td>-0.01</td><td>-0.01</td><td>-0.01</td></tr>
<tr><td>8.</td><td>जेवी</td><td>भिलाई जेपी सीमेंट लिमिटेड</td><td>-42.04</td><td>-68.73</td><td>-80.54</td></tr>
<tr><td>9.</td><td>जेवी</td><td>वीएसएल सेल जेवीसी लिमिटेड</td><td>-0.43</td><td>0.00</td><td>0.00</td></tr>
<tr><td>10.</td><td>जेवी</td><td>अभिनव सेल जेवीसी लिमिटेड</td><td>-0.05</td><td>-0.07</td><td>-0.05</td></tr>
<tr><td>11.</td><td>जेवी</td><td>सेल बंसल सर्विस सेंटर लिमिटेड</td><td>-0.59</td><td>-0.39</td><td>-0.83</td></tr>
<tr><td>12.</td><td>जेवी</td><td>टीएमटी एसएएल सेल जेवी लिमिटेड</td><td>0.00</td><td>0.00</td><td>0.00</td></tr>
<tr><td>13.</td><td>जेवी</td><td>एसएएल सेल जेवीसी लिमिटेड</td><td>-0.01</td><td>-0.01</td><td>-0.01</td></tr>
<tr><td>14.</td><td>जेवी *</td><td>एनएमडीसी सेल लिमिटेड</td><td>-0.01</td><td>-0.01</td><td rowspan="2">लागू नहीं</td></tr>
<tr><td>15.</td><td>जेवी *</td><td>बस्तर रेलवे प्राइवेट लिमिटेड</td><td>-2.41</td><td>-0.09</td></tr>
<tr><td>16.</td><td>सहायक</td><td>सेल जगदीशपुर पावर प्लांट लिमिटेड</td><td>-0.01</td><td>-0.01</td><td>0.00</td></tr>
<tr><td>17.</td><td>सहायक</td><td>छत्तीसगढ़ मेगा स्टील लिमिटेड</td><td>-0.01</td><td>0.00</td><td>-0.01</td></tr>
<tr><td>18.</td><td>सहायक</td><td>सेल सिंदरी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड</td><td>0.00</td><td>-0.01</td><td>-0.01</td></tr>
<tr><td>19.</td><td>जेवी</td><td>यूईसी सेल इंफोरमेशन टेक्नोलॉजी लिमिटेड</td><td rowspan="4">#</td><td rowspan="4" colspan="2"></td></tr>
<tr><td>20.</td><td>जेवी</td><td>रोमेल्ट सेल (इंडिया) लिमिटेड</td></tr>
<tr><td>21.</td><td>जेवी</td><td>नॉर्थ ईस्ट स्टील एंड गेल्वेनाइजिंग लिमिटेड</td></tr>
<tr><td>22.</td><td>सहायक</td><td>इस्को उज्जैन पाईप एंड फाउंडरी कंपनी लिमिटेड</td></tr>
<tr><td colspan="6">* जेवी कंपनी वित्त वर्ष 2016-17 में अस्तित्व में आईं।</td></tr>
<tr><td colspan="6"># इन जेवी/सहायक कंपनियों को बंद करने की प्रक्रिया प्रगति पर हैं।</td></tr>
</table>